# प्रेस विज्ञप्ति

## सनकाइंड एनर्जी की चमक बढ़ी
## 5 प्रमुख रूफटॉप प्रोजेक्ट्स से मिला बूस्ट
## सोलर इन्फ्रा को ऊर्जा देने की तैयारी

**नई दिल्ली, 06/05/2024:**

सौर समाधानों (सोलर साल्यूशंस) में अग्रणी सनकाइंड एनर्जी को पांच रूफटॉफ परियोजनाओं का काम मिला है। इससे बढ़ते नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की तरक्की का रास्ता और खुला है। सनकाइंड एनर्जी ने इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के जरिए व्यावसायिक और सौर प्रतिष्ठानों में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। कंपनी ने स्वयं को विशेष रूप से उत्तर भारत में सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं में एक अग्रणी कारोबारी के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में 10 मेगावाट की संयुक्त क्षमता की परियोजनाएं हासिल की हैं। सनकाइंड एनर्जी की चमक बढ़ी, 5 प्रमुख छत परियोजनाओं के साथ सोलर इन्फ्रा बूस्ट को ऊर्जा देने की तैयारी नई दिल्ली, 3/5/2024: सौर समाधानों में अग्रणी सनकाइंड एनर्जी ने बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के लिए मार्ग प्रशस्त करते हुए पांच सौर छत परियोजनाएं हासिल की हैं। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं के माध्यम से वाणिज्यिक और सौर प्रतिष्ठानों में अपनी उपस्थिति का विस्तार करके, सनकाइंड एनर्जी ने खुद को विशेष रूप से उत्तर भारत में सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। कंपनी ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कुल मिलाकर 10 मेगावाट की संयुक्त क्षमता की परियोजनाओं का काम हासिल किया है।

भारत के सौर ऊर्जा बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी से प्रगति करके सनकाइंड ने देश भर के विभिन्न उद्योगों में अपनी असाधारण हरित (ग्रीन) छाप छोड़ी है। कंपनी सीडार (Cedaar) टेक्सटाइल्स प्राइवेट लिमिटेड, एबीआरईएल सोलर पावर लिमिटेड--आदित्य बिड़ला समूह की सहायक कंपनियां, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड और एसबीएफ रैपिड (टीएमटी) जैसी प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों के लिए इन रूफटॉप स्थापना परियोजनाओं पर काम करेगी।

अपनी ब्रांड की विरासत को जारी रखते हुए, सनकाइंड ने उच्च गुणवत्ता वाले समाधान (सोलर साल्यूशंस) प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखी है और इसके लिए उसे कई

प्रशंसाएं भी मिली हैं। नवकरणीय ऊर्जा बाजार में कंपनी ने सौर इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) सेवाओं में बेहतरीन काम करके अपनी जगह बनाई है। प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और परियोजना लागत को कम करने के अपने प्रयास में सनकाइंड ने मालिकाना सौर ट्रैकर सिस्टम के विकास और स्वयं की सौर पैनल मैन्युफैक्चरिंग लाइन की स्थापना पर ध्यान दिया है, जो 2025 में काम करने लगेगा।

**सनकाइंड एनर्जी के संस्थापक और सीईओ हनीश गुप्ता कहते हैं:**
"सनकाइंड एनर्जी के जरिए हम भारत के सौर बुनियादी ढांचे के विस्तार की दिशा में अगुआई करते हुए बहुत गर्व महसूस करते हैं। इससे आने वाली कई पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और अधिक टिकाऊ ऊर्जा भविष्य को बढ़ावा मिल रहा है। उत्कृष्टता और नए समाधानों (साल्यूशंस) के प्रति हमारे अटूट समर्पण ने हमें नवकरणीय ऊर्जा में प्रगति लाने में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूती से स्थापित किया है। जैसे-जैसे हम अपना मिशन जारी रख रहे हैं, हम जलवायु कार्यों (क्लाइमेट एक्शंस) के लक्ष्यों को प्राप्त करने और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन (जीरो एमिसन) के लक्ष्य तक पहुंचने में सरकार के साथ सहयोग करने की अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ता से काम कर रहे हैं। हम अपने कामकाज के हर पहलू में ईमानदारी और विश्वसनीयता को प्राथमिकता देते हैं। सनकाइंड एनर्जी अपनी परियोजनाएं छोटे वेंडरों को सब कांट्रैक्ट पर नहीं देती और न ही किसी को अपना प्रतिनिधि बनाती है। बल्कि यह सीधे अपने ग्राहकों को एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने में विश्वास करती है। ऐसे दृष्टिकोण के कारण हम हमारी परियोजनाओं की लंबी अवधि की सफलता और स्थिरता सुनिश्चित करते हैं ताकि निर्बाध रखरखाव और संचालन किया जा सके। सनकाइंड एनर्जी में, हम जो कुछ भी करते हैं उसमें गुणवत्ता और जवाबदेही के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। "

इसके अलावा सनकाइंड एक यूटिलिटी-स्केल डेवलपर मॉडल की ओर जा रही है। इसका लक्ष्य दीर्घकालिक बिजली खरीद समझौतों (पीपीए) और यूटिलिटी-स्केल परियोजनाओं में निवेश करना है। यह रणनीतिक बदलाव है, जो पारंपरिक ईपीसी अनुबंध की तुलना में बेहतर व्यावसायिक व्वयवहार और निवेश पर तेजी से रिटर्न का वादा करता है।

सौर पहलों के अलावा, सनकाइंड ऊर्जा भंडारण प्रणालियों में सक्रिय रूप से शामिल है। यह ज्यादा ऊर्जा स्वतंत्रता के लिए सौर बिजली को बैटरी भंडारण के साथ जोड़ती है। कंपनी छत्तीसगढ़, राजस्थान और हरियाणा में सौर पार्क विकास परियोजनाओं पर भी काम कर रही है। यह दूरदर्शी उद्यमियों और व्यवसायों के बीच सौर ऊर्जा अपनाने में तेजी लाने के लिए पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) मॉडल को बढ़ावा दे रही है।

सनकाइंड की प्रतिबद्धता परियोजना पूर्ण होने से भी आगे तक फैली हुई है। जो निरंतर कार्य करने और ग्राहक संतुष्टि सुनिश्चित करने के लिए आजीवन संचालन और रखरखाव साल्यूशंस प्रदान करती है।

**सनकाइंड एनर्जी के बारे में:**

2019 में हमारी स्थापना के बाद से, सनकाइंड एनर्जी एक ईपीसी कंपनी से लेकर भारत के सौर उद्योग में एक अग्रणी कारोबारी के रूप में विकसित हुई है। हम अपने सौर घटकों (सोलर कंपोनेंट्स) का एक बड़ा हिस्सा अपने प्लांट में ही बनाते हैं। हम नवकरणीय ऊर्जा डेवलपर के रूप में भी प्रगति कर रहे हैं। नैतिक परंपराओं के प्रति प्रतिबद्ध हैं और हमारी टीम अत्याधुनिक सोलर साल्यूशंस प्रदान करने में उत्कृष्ट है। हम एक स्थायी ऊर्जा भविष्य सुनिश्चित करने के लिए उत्कृष्टता, नवाचार और पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्राथमिकता देते हैं। सौर ईपीसी में अग्रणी कंपनी होने के नाते हम अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने मजबूत पक्ष (स्ट्रेंथ), ईमानदारी और समर्पण पर गर्व करते हैं।